# Daily Current Affairs

Date : 13 April, 2026

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | चर्चा में बाड़मेर का 'सुंदरा गाँव' |
| 2. | महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती (राजस्थान के विशेष संदर्भ में) |
| 3. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. राजस्थान का पहला फ्री वाई-फाई जोन : केकड़ी<br>2. इंस्पेक्टर दिनेश सिंह : 'नेशनल रोड सेफ्टी एक्सीलेंस अवार्ड - 2026' से सम्मानित<br>3. सफेद बाघ की राजस्थान की पहली सफारी : नाहरगढ़ जैविक उद्यान<br>4. व्यापार राजस्थान-2026 कार्यक्रम<br>5. राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय : 'कोटा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट परियोजना' के लिए TPQA<br>6. मुक्केबाज हर्ष चौधरी |
| 4. | राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त और विकास निगम (NSTFDC) |
| 5. | महात्मा ज्योतिराव फुले की 200वीं जयंती |
| 6. | स्थायी जमा सुविधा (SDF) |
| 7. | न्यायाधीशों को पद से हटाने की प्रक्रिया |
| 8. | राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (CPA) |
| 9. | माइक्रोबियल मीथेन |
| 10. | गगनयान मिशन |




UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## चर्चा में बाड़मेर का 'सुंदरा गाँव'

### चर्चा में क्यों?

- बाड़मेर जिले की भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बसे 'सुंदरा गाँव' में आज़ादी के बाद पहली बार हर घर तक नल से स्वच्छ पेयजल पहुँचा है।



### मुख्य बिन्दु:

- सन् 1734 में स्थापित सुंदरा कभी क्षेत्रफल की दृष्टि से देश की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत माना जाता था। लगभग 1345 वर्ग किलोमीटर में फैले इस गाँव का जीवन हमेशा से रेगिस्तान की कठिन परिस्थितियों से जुड़ा रहा है।
- बाड़मेर जिला मुख्यालय से करीब 170 किलोमीटर दूर बसे इस गाँव में पेयजल हेतु नर्मदा नहर पेयजल परियोजना से जलापूर्ति की जा रही है।
- सरदार सरोवर बांध से शुरू होकर नर्मदा का पानी 728 किलोमीटर की दूरी तय कर सुंदरा तक पहुँचता है।

**इस पेयजलापूर्ति योजना के तहत:**

- 200 से अधिक गाँवों तक पानी पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया।
- 16 बड़े जल संग्रहण केंद्र (CWR) बनाए गए।
- पम्पिंग स्टेशन स्थापित किए गए।
- 80 से अधिक एलिवेटेड सर्विस रिज़र्वायर तैयार किए गए।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती (राजस्थान के विशेष संदर्भ में)

## चर्चा में क्यों?

- महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती का राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव 11 अप्रैल, 2026 से औपचारिक रूप से शुरू हुआ।



## मुख्य बिन्दु:

- भारत सरकार ने इस ऐतिहासिक अवसर को मनाने के लिए 11 अप्रैल, 2026 से 11 अप्रैल, 2028 तक दो साल के विशेष आयोजनों की घोषणा की।

### राजस्थान के मुख्यमंत्री द्वारा की गई प्रमुख घोषणाएँ :

- बांदीकुई (दौसा) से प्रदेश के प्रत्येक ब्लॉक में एक उच्च माध्यमिक विद्यालय में 'सावित्री बाई फुले ई-लाइब्रेरी' की स्थापना किए जाने की घोषणा। जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं की शिक्षा के साथ विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी की सुविधा उपलब्ध कराना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- सभी जिलों में 'महात्मा ज्योतिबा फुले आदर्श विद्यालय' स्थापित किए जाएँगे।
- बांदीकुई पॉलिटेक्निक कॉलेज का नाम 'महात्मा ज्योतिबा फुले' के नाम पर रखा जाएगा।
- रामसागर झील (हिण्डोली, बूँदी) के पास महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले की जीवन पर आधारित एक अत्याधुनिक पेनोरमा का निर्माण।

**फैक्ट्स फॉर प्रिलिम्स (महात्मा ज्योतिबा फुले मण्डी श्रमिक कल्याण योजना):**







उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **राजस्थान का पहला फ्री वाई-फाई जोन : केकड़ी**<br>■ अजमेर जिले का केकड़ी शहर राजस्थान का पहला फ्री वाई-फाई जोन बन गया है। 10 अप्रैल, 2026 को स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने इस सेवा का औपचारिक शुभारंभ किया।<br>■ इस प्रोजेक्ट के तहत पूरे शहर में 8 प्रमुख स्थानों पर कुल 45 एक्सेस पॉइंट्स (वाई-फाई राउटर) लगाए गए हैं। |
| 2. | **इंस्पेक्टर दिनेश सिंह : 'नेशनल रोड सेफ्टी एक्सीलेंस अवार्ड - 2026' से सम्मानित**<br>■ ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ मोटर व्हीकल्स डिपार्टमेंट टेक्निकल ऑफिसर्स एसोसिएशन द्वारा बैंगलोर (कर्नाटक) में आयोजित 'एक्सीलेंस अवार्ड – 2026' कार्यक्रम में प्रादेशिक परिवहन कार्यालय, जयपुर-द्वितीय में पदस्थापित इंस्पेक्टर दिनेश सिंह को 'नेशनल रोड सेफ्टी एक्सीलेंस अवार्ड – 2026' से सम्मानित किया गया।<br>■ उन्हें यह सम्मान सड़क सुरक्षा जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, समर्पण, प्रभावी पहलों तथा दुर्घटना नियंत्रण में महत्त्वपूर्ण भूमिका के लिए प्रदान किया गया। |
| 3. | **सफेद बाघ की राजस्थान की पहली सफारी : नाहरगढ़ जैविक उद्यान**<br>■ जयपुर के नाहरगढ़ जैविक उद्यान में राजस्थान की पहली व्हाइट टाइगर सफारी आधिकारिक तौर पर शुरू हुई।<br>■ 12 अप्रैल 2026 को सफेद बाघ शावक 'भीम' और उसकी बहन गोल्डन शावक 'स्कंधी' को पहली बार पर्यटकों के लिए सफारी के खुले क्षेत्र में छोड़ा गया।<br>■ नाहरगढ़ जैविक उद्यान में संचालित दो प्रमुख सफारियाँ - टाइगर सफारी और लायन सफारी। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 4. | **व्यापार राजस्थान-2026 कार्यक्रम**<br>■ **आयोजन :** 11 अप्रैल, 2026<br>■ **आयोजक :** फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन जयपुर।<br>■ **आयोजन की थीम :** "गिविंग व्हील्स टू विकसित राजस्थान"।<br>■ **नोट :** राज्य सरकार द्वारा 'वाहन' एवं 'सारथी' पोर्टल पर उपलब्ध 58 सेवाओं में से 53 सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध करवाई जा रही हैं। |
| 5. | **राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय : 'कोटा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट परियोजना' के लिए TPQA**<br>■ हाल ही में, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) ने राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय (RTU), कोटा को आगामी कोटा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट परियोजना के लिए थर्ड पार्टी क्वालिटी एश्योरेंस (TPQA) की जिम्मेदारी सौंपी।<br>■ विश्वविद्यालय एयरपोर्ट निर्माण की गुणवत्ता की निगरानी करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार और समय पर पूरा हो।<br>■ ग्रीनफील्ड परियोजना का अर्थ ऐसी परियोजना से है जिसे बिल्कुल नए सिरे से खाली या अविकसित भूमि पर शुरू किया जाता है। इसमें किसी पुरानी संरचना को सुधारने या तोड़ने की आवश्यकता नहीं होती। |
| 6. | **मुक्केबाज हर्ष चौधरी**<br>■ जयपुर निवासी हर्ष चौधरी ने एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 में कांस्य पदक जीता।<br>■ एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप - 2026 का आयोजन मंगोलिया के उलानबटार में 28 मार्च से 11 अप्रैल, 2026 तक किया गया।<br>■ यह टूर्नामेंट 'एशियन बॉक्सिंग' फेडरेशन के तहत आयोजित पहली एलीट महाद्वीपीय प्रतियोगिता थी। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त और विकास निगम (NSTFDC)

### चर्चा में क्यों?

- राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त और विकास निगम ने अपना 25वां स्थापना दिवस मनाया।




### मुख्य बिन्दु:

**NSTFDC:**

- **परिचय:** यह केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय के तहत 2001 में स्थापित एक शीर्ष संगठन है।
- **लक्ष्य:** यह अनुसूचित जनजातियों के लिए आय और स्थायी आजीविका साधनों के सृजन हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करता है।
- **उपलब्धि:** इसने 16.8 लाख ऋण आवेदनों के तहत कुल 4,400 करोड़ रुपये वितरित किए हैं।
- **महत्त्व:** यह समावेशी विकास, आजीविका सृजन और जनजातीय उद्यमिता को बढ़ावा देता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# इतिहास एवं संस्कृति

## महात्मा ज्योतिराव फुले की 200वीं जयंती

### चर्चा में क्यों?

- प्रधानमंत्री ने महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी 200वीं जयंती समारोह का शुभारंभ किया।




### मुख्य बिन्दु:

**ज्योतिराव फुले (1827–1890)**

- **जन्म:** महाराष्ट्र में सामाजिक रूप से पिछड़े 'माली' समुदाय में हुआ।
- उन्हें विठ्ठलराव कृष्णजी वंडेकर द्वारा 'महात्मा' की उपाधि दी गई थी।
- **भारतीय सामाजिक क्रांति के जनक:** महात्मा फुले ने पिछड़े वर्गों और महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य किया और वे जाति व्यवस्था का उन्मूलन करना चाहते थे।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **प्रमुख कृतियां:** सत्यशोधक (साप्ताहिक समाचार पत्र), गुलामगिरी, ब्राह्मणांचे कसब, सार्वजनिक सत्यधर्म पुस्तक, शेतकऱ्याचा असूड, आदि।

**वंचित वर्गों के उत्थान में फुले का योगदान**

- **शूद्र और अति-शूद्र (अस्पृश्य):** वे इन दोनों समुदायों को एक शोषित समूह के रूप में एकजुट करने वाले पहले व्यक्ति थे।
- **सत्यशोधक समाज (1873):** वर्ण आधारित सामाजिक व्यवस्था के खिलाफ निम्न समझे जाने वाली जातियों को संगठित करने के लिए इसकी स्थापना की।
- **मुक्ति के रूप में ज्ञान (तृतीय रत्न):** शिक्षा से वंचित महार और मांग समुदायों के लिए स्कूल खोले।
- **"गुलामगिरी" (1873):** इस पुस्तक में उन्होंने वैश्विक चेतना जगाने के लिए भारत में जातिगत उत्पीड़न की तुलना अमेरिकी गुलामी से की।
- **महिलाएं:** उन्होंने 1848 में पुणे में लड़कियों के लिए पहला स्कूल शुरू किया।
- उन्होंने 'बालहत्या प्रतिबंधक गृह' (1863) की स्थापना की और विधवा विवाह का समर्थन किया।
- **किसान:** उनके भाषणों के संग्रह " शेतकऱ्याचा असूड" में साहूकारों और नौकरशाही द्वारा किसानों के शोषण का विश्लेषण किया गया है।
- **निर्धन वर्ग:** हंटर कमीशन (1882) के समक्ष नि:शुल्क और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा का आग्रह किया, उन्होंने शिक्षा के अधोमुखी निस्यंदन (डाउनवर्ड फिल्ट्रेशन) सिद्धांत का विरोध किया।
- उन्होंने ब्राह्मण पुजारियों के बिना कम खर्चीले 'सत्यशोधक विवाह' का भी प्रस्ताव रखा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आर्थिक घटनाक्रम

## स्थायी जमा सुविधा (SDF)

### चर्चा में क्यों?

- भारतीय ऋणदाता संस्थाओं ने RBI की स्थायी जमा सुविधा (Standing Deposit Facility: SDF) में रिकॉर्ड मात्रा में धनराशि जमा की है।




### मुख्य बिन्दु:

**SDF:**

- **शुरुआत:** इसे 2022 में पेश किया गया था। यह तरलता प्रबंधन में अपनी भूमिका निभाने के अलावा एक वित्तीय स्थिरता उपकरण के रूप में कार्य करती है।
- यह वह दर है जिस पर भारतीय रिजर्व बैंक सभी तरलता समायोजन सुविधा (LAF) प्रतिभागियों से जमानत-मुक्त (कोलेटरल-फ्री) जमा स्वीकार करता है। यह प्रक्रिया ओवरनाइट आधार पर होती है।
- यह नीतिगत रेपो दर से 25 बेसिस पॉइंट नीचे रखी गई है। इस प्रकार यह ब्याज दर व्यवस्था की निचली सीमा (फ्लोर रेट) बन जाती है (SDF < रेपो रेट < सीमांत स्थायी सुविधा)।
- SDF दर ने पहले की फिक्स्ड रिवर्स रेपो दर की जगह ले ली है और यह LAF कॉरिडोर की न्यूनतम सीमा बन गई है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भारतीय शासन एवं राजव्यवस्था

## न्यायाधीशों को पद से हटाने की प्रक्रिया

### चर्चा में क्यों?

- न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। उन्होंने अपने खिलाफ शुरू की गई महाभियोग की कार्यवाही से खुद को अलग कर लिया है।



### मुख्य बिन्दु:

- अभी तक किसी भी न्यायाधीश को महाभियोग के द्वारा हटाया नहीं गया है।

**न्यायाधीशों को पद से हटाने की प्रक्रिया:**

- संविधान के अनुच्छेद 124 और अनुच्छेद 218 महाभियोग के माध्यम से उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को उनके पद से हटाने का प्रावधान करते हैं।
- हटाने की प्रक्रिया न्यायाधीश जांच अधिनियम (1968) द्वारा विनियमित होती है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### महाभियोग प्रक्रिया:

- **शुरुआत:** पदच्युति प्रस्ताव के लिए 100 सदस्यों (लोकसभा के लिए) या 50 सदस्यों (राज्यसभा के लिए) के हस्ताक्षर आवश्यक हैं। इसे लोकसभा अध्यक्ष/ सभापति को सौंपा जाना चाहिए।
- **जांच:** प्रस्ताव स्वीकार होने पर 3 सदस्यीय समिति आरोपों की जांच करती है।
- यदि समिति न्यायाधीश को दोषी पाती है, तो दोनों सदन विशेष बहुमत से पदच्युति प्रस्ताव पारित करते हैं।
- इसके बाद राष्ट्रपति न्यायाधीश को उनके पद से हटाने का आदेश पारित करते हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (CPA)

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राष्ट्रमंडल संसदीय संघ-भारत क्षेत्र (ज़ोन - VII) का पहला सम्मेलन संपन्न हुआ।

CPA COMMONWEALTH PARLIAMENTARY ASSOCIATION

### मुख्य बिन्दु:

**राष्ट्रमंडल संसदीय संघ**

- **मुख्यालय:** लंदन
- 1911 में स्थापित, यह राष्ट्रमंडल के भीतर एक अंतरराष्ट्रीय अंतर-संसदीय संगठन है।
- **उद्देश्य:** संसदीय लोकतंत्र और सुशासन को बढ़ावा देना।
- **सदस्यता:** इसमें 180 राष्ट्रीय, राज्य या प्रांतीय विधायिकाएं शामिल हैं। इन्हें राष्ट्रमंडल के 9 भौगोलिक क्षेत्रों में विभाजित किया गया है।
- **प्रमुख प्रकाशन:** 'द पार्लियामेंटेरियन' जर्नल।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## माइक्रोबियल मीथेन

### चर्चा में क्यों?

- एक नए अध्ययन के अनुसार, गैर-उत्पादक तेल और गैस के कुओं से रिसने वाली माइक्रोबियल मीथेन का उत्सर्जन पहले के अनुमानों की तुलना में लगभग 1,000 गुना अधिक दर से हो रहा है।

### मुख्य बिन्दु:

- माइक्रोबियल मीथेन (बायोजेनिक मीथेन) सूक्ष्मजीवों द्वारा उत्पादित मीथेन गैस है, विशेष रूप से आर्किया जिन्हें मेथनोजेन के रूप में जाना जाता है ।
- इसका उत्पादन ऑक्सीजन की कमी वाले वातावरण में कार्बनिक पदार्थों के अपघटन के माध्यम से होता है।
- यह वैश्विक कार्बन चक्र का एक प्रमुख घटक है, जो आर्द्रभूमि, धान के खेतों, लैंडफिल और जुगाली करने वाले जानवरों के पाचन तंत्र में उत्पन्न होता है।
- मीथेन, वायुमंडल में छोड़े जाने पर एक शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैस बन जाती है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## गगनयान मिशन

### चर्चा में क्यों?

- इसरो ने गगनयान मिशन के लिए दूसरा एकीकृत एयर ड्रॉप परीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न किया।




### मुख्य बिन्दु:

- यह परीक्षण क्रू मॉड्यूल के सुरक्षित उतरने और लैंडिंग सिस्टम को प्रमाणित करता है। इसके माध्यम से सिम्युलेटेड उड़ान स्थितियों के तहत पैराशूट-उपयोग के अनुक्रम का परीक्षण किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## गगनयान मिशन

- **उद्देश्य:** तीन सदस्यीय दल को 400 किलोमीटर की ऊंचाई पर 'पृथ्वी की निचली कक्षा (LEO)' में 3 दिनों के मिशन के लिए भेजना, और उन्हें वापस भारतीय समुद्री जल में सुरक्षित उतारकर भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमता का प्रदर्शन करना।
- इस मिशन में दो मानव-रहित और एक मानवयुक्त मिशन शामिल होंगे।

## मिशन के तीन प्रमुख घटक:

- ह्यूमन-रेटेड लॉन्च व्हीकल (HLVM-3): इसरो के विश्वसनीय LVM3 रॉकेट को मानव अंतरिक्ष उड़ान के अनुरूप संशोधित किया गया है।

## यह तीन चरणों वाला रॉकेट है:

- **पहला चरण:** रॉकेट कोर से जुड़े दो ठोस-ईंधन बूस्टर,
- **दूसरा चरण:** तरल-ईंधन वाले दो क्लस्टर विकास-2 इंजनों द्वारा संचालित,
- **तीसरा चरण:** CE-20 स्वदेशी क्रायोजेनिक इंजन, जो तरल हाइड्रोजन और तरल ऑक्सीजन को क्रमशः ईंधन और ऑक्सीकारक के रूप में उपयोग करता है।
- **ऑर्बिटल मॉड्यूल:** यह अंतरिक्ष में चालक दल के लिए पृथ्वी जैसा वातावरण प्रदान करने वाला रहने योग्य स्थान या मॉड्यूल होगा, जो पृथ्वी की परिक्रमा करेगा। इसमें शामिल हैं:
- **क्रू मॉड्यूल:** इसमें पर्यावरणीय नियंत्रण और जीवन रक्षक प्रणाली तथा पैराशूट शामिल हैं।
- **सर्विस मॉड्यूल:** एक गैर-दबावयुक्त बस जो प्रणोदन, विद्युत, थर्मल रेडिएटर्स, तथा पानी एवं ऑक्सीजन टैंक ले जाती है।
- **क्रू एस्केप सिस्टम (CES):** यह एक प्रकार का सुरक्षा तंत्र है जिसे रॉकेट के प्रक्षेपण के दौरान कुछ भी गलत होने की स्थिति में अंतरिक्ष यात्रियों की जान बचाने के लिए तैयार किया गया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR